भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1382
रविवार,20सितम्बर, 2020 को उत्तर के लिए नियत

ऑटोमोबाइल बिक्री

1382. श्री प्रद्युत बोरदोलोई:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में ऑटोमोबाइल की बिक्री माह-वार कितनी रही;

(ख) 2017 के बाद से आज की तिथि तक देश में माह-वार कितने मूल्य के ऑटोमोबाइल की बिक्री हुई;

(ग) उक्त अवधि के दौरान असम सहित राज्य-वार कितने ऑटोमोबाइल विनिर्माण यूनिट बंद हुई हैं; और

(घ) 2017 से आज की तिथि तक असम सहित ऑटोमोबाइल आपूर्ति श्रृंखला (सहायक यूनिट सहित) कितनी यूनिट बंद हुई हैं?

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क):सोसाइटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स (एसआईएएम) से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में सभी श्रेणी के वाहनों की घरेलू बिक्री का महीनेवार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:

सभी श्रेणियों के वाहनों की बिक्री की मात्रा (संख्या लाखों में)				
माह	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**
अप्रैल	20.3	23.8	20.0	14.9
मई	20.4	22.8	20.9	
जून	18.2	22.8	20.0	

जुलाई	20.8	22.5	18.3	
अगस्त	23.0	23.8	18.2	
सितम्बर	24.9	25.8	20.0	
अक्तूबर	21.6	24.9	21.8	
नवम्बर	19.4	20.4	17.9	
दिसम्बर	16.7	16.2	14.0	
जनवरी	21.2	20.2	17.4	
फरवरी	21.1	20.3	16.5	
मार्च	22.2	19.1	10.5	

अप्रैल 2020 से, वाणिज्यिक वाहन सेग्मेन्ट के केवल तिमाही आंकड़े उपलब्ध हैं।

(ख): पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए वाहनों की घरेलू बिक्री से उद्योग का कारोबार निम्न प्रकार से है:

सभी श्रेणियों के वाहनों की घरेलू बिक्री के माध्यम से अनुमानित कारोबार(करोड़ में)		
2017-18	2018-19	2019-20
4,64,447	**4,90,849**	**3,96,002**

(ग) और (घ): सरकार के पास किसी ऑटोमोबाइल अथवा सहायक विनिर्माण इकाइयों के बंद होने की सूचना नहीं है।

*****